# MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

## // UNIVERSITY LIBRARY //

## -: NEWS CLIPPING SERVICE -:

## DATE:13 MAY 2026

एमसीयू में 'प्रतिभा -2026' आयोजन का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

# सफलता केवल अपने लिए नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए होनी चाहिए

## ■ एमसीयू में खुलेगां एक अत्याधुनिक ओपन जिम

स्वदेश संवाददाता ■ भोपाल

देश में 1947 के बाद पुलों और कारखानों के निर्माण की बात तो बहुत हुई, लेकिन व्यक्ति निर्माण की बात कम हुई, जबकि व्यक्ति निर्माण के बिना राष्ट्र निर्माण संभव नहीं है। हमें ध्यान रखना चाहिए कि सफलता केवल अपने लिए नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए होनी चाहिए। ये बातें एमसीयू में प्रतिभा-2026 के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के खेल, युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग ने अपने संबोधन में कहीं। उन्होंने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के



साथ अपने गहरे संबंधों को साझा किया।उन्होंने कहा राष्ट्र निर्माण और व्यक्ति निर्माण पर हमें विशेष ध्यान देना होगा।

श्री सारंग ने भगवान राम, श्रीकृष्ण, गांधी, भगत सिंह और राजगुरु जैसे नायकों का उदाहरण देते हुए बताया कि इन सबने युवावस्था में ही बड़े परिवर्तन किए थे। एक व्यावहारिक उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यदि हॉल से निकलते समय आखिरी छात्र बिजली का बटन बंद कर देता है, तो वह भी देश के लिए एक बड़ा योगदान है। दर्शनशास्त्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया में केवल दो चीजें हैं प्लेजर (खुशी) और पेन (दर्द)। यदि हमें दूसरों के कष्ट को देखकर दर्द होता है, तभी हम सच्चे नागरिक बन सकते हैं।

## खेलकूद की गतिविधियां आवश्यक

विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं खेलकूद की गतिविधियां भी विद्यार्थियों के लिए आवश्यक हैं। ऐसी गतिविधियों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व और टीम भावना का विकास होता है। इस शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ 20 अगस्त को मुख्यमंत्री और डॉ. कुमार विश्वास की उपस्थिति में हुआ था।

## कैरियर के लिए बेहतर संभावनाएं

कार्यक्रम में दिल्ली से आए विशेष अतिथि इंडियान कालेजिएट आर्टस एंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के निदेशक एस. राजू ने खेल और परफार्मिंग आर्टस में करियर की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारत में खेल उद्योग तेजी से बढ़ रहा है और भविष्य में माखनलाल विश्वविद्यालय के साथ एक एमओयू साइन करने की संभावना है, जिससे छात्रों को खेल पत्रकारिता और अन्य क्षेत्रों में वैश्विक अवसर मिल सकेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक समन्वयक और कार्यक्रम के संचालक विवेक सावरीकर ने विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट की जानकारी देते हुए बताया कि इस सत्र में छात्रों को 5.5 लाख रुपये तक का उच्चतम पैकेज मिला है।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'SWADESH'13 MAY.2026

# व्यक्ति निर्माण के बिना राष्ट्र निर्माण संभव नही: सारंग

### माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विविद में 'प्रतिभा–2026' आयोजन का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

### एमसीयू में खुलेगा एक अत्याधुनिक ओपन जिम

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

देश में 1947 के बाद पुलों और कारखानों के निर्माण की बात तो बहुत हुई, लेकिन व्यक्ति निर्माण की बात कम हुई, जबकि व्यक्ति निर्माण के बिना राष्ट्र निर्माण संभव नहीं है। हमें ध्यान रखना चाहिए कि सफलता केवल अपने लिए नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए होनी चाहिए। ये बातें एमसीयू में प्रतिभा-2026 के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के खेल, युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने अपने संबोधन में कही। उन्होंने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के साथ अपने गहरे संबंधों को साझा किया। उन्होंने कहा राष्ट्र निर्माण और व्यक्ति निर्माण पर हमें विशेष ध्यान देना होगा। श्री सारंग ने भगवान राम, श्रीकृष्ण, गांधी, भगत सिंह और राजगुरु जैसे नायकों का उदाहरण देते हुए बताया कि इन सबने युवावस्था में ही बड़े परिवर्तन किए थे। एक व्यावहारिक उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यदि हॉल से निकलते समय आखिरी छात्र बिजली का बटन बंद कर देता है, तो वह भी देश के लिए एक बड़ा योगदान है। दर्शनशास्त्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया में केवल दो चीजें हैं खुशी और दर्द। यदि हमें दूसरों के कष्ट को देखकर दर्द होता है, तभी हम सच्चे नागरिक बन सकते हैं। उन्होंने माखनलाल चतुर्वेदी की कालजयी कविता पुष्प की अभिलाषा की पंक्तियां सुनाकर युवाओं में जोश भर दिया। श्री सारंग ने दुष्यंत कुमार की मशहूर गजल हो गई है पीर पर्वत सी पिघलना चाहिए के कुछ शेर भी अपने जोशीले अंदाज में सुनाकर विद्यार्थियों में उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए श्री सारंग ने विश्वविद्यालय परिसर में एक अत्याधुनिक ''ओपन जिम' खुलवाने की घोषणा भी की।



## खेल उद्योग तेजी से बढ़ रहा: एस. राजू

कार्यक्रम में दिल्ली से आए विशेष अतिथि इडियन कालेजिएट आर्टस एंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के निदेशक एस. राजू ने खेल और परफार्मिंग आर्टस में करियर की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारत में खेल उद्योग तेजी से बढ़ रहा है और भविष्य में माखनलाल विश्वविद्यालय के साथ एक एमओयू साइन करने की संभावना है, जिससे छात्रों को खेल पत्रकारिता और अन्य क्षेत्रों में वैश्विक अवसर मिल सकेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक समन्वयक और कार्यक्रम के संचालक विवेक सावरीकर ने विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट की जानकारी देते हुए बताया कि इस सत्र में छात्रों को 5.5 लाख रुपये तक का उच्चतम पैकेज मिला है। इस आयोजन में प्रतिभा-2026 में प्रतिभागी और विजेताओं को पुरस्कार वितरण के बाद विद्यार्थियों द्वारा तैयार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। विद्यार्थियों ने काव्य पाठ प्रस्तुत किया तथा छात्राओं ने नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का समन्वय सांस्कृतिक समन्वयक डा. उर्वशी परमार तथा विवेक सावरीकर ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ प्रो. पी. शशिकला ने आभार माना। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, शिक्षक तथा अधिकारीगण उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों के लिए खेलकूद गतिविधियां आवश्यक: कुलगुरू

समारोह में अतिथियों के स्वागत के पश्चात विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं खेलकूद की गतिविधियां भी विद्यार्थियों के लिए आवश्यक हैं। ऐसी गतिविधियों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व और टीम भावना का विकास होता है। इस अवसर पर कुलगुरू ने कहा कि इस शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ 20 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और कवि डॉ. कुमार विश्वास की उपस्थिति में हुआ था और आज का यह कार्यक्रम इस सत्र का अंतिम और औपचारिक समापन समारोह है। कुलगुरु ने हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ''उदंत मार्तंड' समाचार पत्र का एक फ्रेम भी मुख्य अतिथि को भेंट किया गया।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'SWADESH JYOTI'13 MAY.2026



# सफलता केवल अपने लिए नहीं, राष्ट्र के लिए होना चाहिए

- प्रतिभा सम्मान समारोह में मंत्री सारंग ने कहा
- सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और काव्य पाठ हुआ

भोपाल, 12 मई. माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में आयोजित 'प्रतिभा-2026' पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण और व्यक्तित्व विकास का संदेश दिया गया. मुख्य अतिथि खेल, युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि सफलता केवल अपने लिए नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए होनी चाहिए.

उन्होंने कहा कि व्यक्ति निर्माण के बिना राष्ट्र निर्माण संभव नहीं है और युवाओं को जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ना चाहिए. विश्वास सारंग ने भगवान राम, श्रीकृष्ण, महात्मा गांधी, भगत सिंह और राजगुरु जैसे महान व्यक्तित्वों का उदाहरण देते हुए युवाओं को प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे कार्य भी राष्ट्रहित में बड़ा योगदान बन सकते हैं. उन्होंने विद्यार्थियों में उत्साह भरते हुए माखनलाल चतुर्वेदी की कविता 'पुष्प की अभिलाषा' और दुष्यंत कुमार की गजल की पंक्तियां भी सुनाईं. इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के लिए अत्याधुनिक ओपन जिम शुरू करने की घोषणा की.

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने की. उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियां भी जरूरी हैं, जिससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व और टीम भावना विकसित होती है. विशेष अतिथि एस. राजू ने खेल और परफॉर्मिंग आर्ट्स में करियर की संभावनाओं पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए तथा विद्यार्थियों ने नृत्य, काव्यपाठ और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं.

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'NAVBHARAT'13 MAY.2026

# MCU में बच्चों के लिए खोला जाएगा अत्याधुनिक ओपन जिम

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल

editor@peoplessamachar.co.in

माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय (एमसीयू) परिसर में बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य की दृष्टि से एक अत्याधुनिक 'ओपन जिम' का शुभांरभ किया जाएगा। हमें ध्यान रखना चाहिए कि सफलता केवल अपने लिए नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए होनी चाहिए। यह बात एमसीयू में प्रतिभा-2026 के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के खेल, युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने अपने संबोधन में कही। उन्होंने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के साथ अपने गहरे संबंधों को साझा किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण और व्यक्ति निर्माण पर हमें विशेष ध्यान देना होगा। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं खेलकूद की गतिविधियां भी विद्यार्थियों के लिए आवश्यक हैं। ऐसी गतिविधियों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व और टीम भावना का विकास होता है, साथ ही ऐसी गतिविधियों से बच्चों में शरीरिक और मानसिक विकास भी तेजी से होता है।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'PEOPALS SAMACHAR'13 MAY.2026

**आयोजन**

## एमसीयू में आयोजित 'प्रतिभा-2026' के पुरस्कार वितरण समारोह में मंत्री विश्वास सारंग ने कहा- सफलता का लक्ष्य समाज व राष्ट्र निर्माण होना चाहिए

# 'प्रतिभा' पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यार्थियों के लिए अत्याधुनिक ओपन जिम की घोषणा

**नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसका उद्देश्य समाज व राष्ट्र के विकास में योगदान देना होना चाहिए। व्यक्ति निर्माण के बिना राष्ट्र निर्माण संभव नहीं है, यह बात मंत्री विश्वास सारंग ने कहा। वे माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में मंगलवार को आयोजित 'प्रतिभा-2026' के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।



एमसीयू में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता को सम्मानित करते मंत्री विश्वास सारंग और कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी। • सौजन्य: आयोजक

मुख्य अतिथि सारंग ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश में पुलों और कारखानों के निर्माण पर अधिक ध्यान दिया गया, लेकिन व्यक्ति निर्माण को अपेक्षित महत्व नहीं मिला। उन्होंने भगवान राम, श्रीकृष्ण, महात्मा गांधी, भगत सिंह और राजगुरु का उल्लेख करते हुए कहा कि इन महान व्यक्तित्वों ने युवावस्था में ही बड़े परिवर्तन किए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि कोई छात्र हाल से निकलते समय बिजली का स्विच बंद कर देता है, तो यह भी राष्ट्र सेवा का एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कार्य है। सारंग ने विद्यार्थियों में संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने माखन लाल चतुर्वेदी की प्रसिद्ध कविता 'पुष्प की अभिलाषा' तथा दुष्यंत कुमार की चर्चित पंक्तियां सुनाकर युवाओं में उत्साह का संचार किया।

उन्होंने विवि परिसर में विद्यार्थियों के लिए एक अत्याधुनिक ओपन जिम स्थापित करने की घोषणा भी की। विवि के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि शिक्षा के साथ सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इनसे आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित होती है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम वर्तमान शैक्षणिक सत्र का औपचारिक समापन समारोह है।

## विद्यार्थियों ने काव्यपाठ, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा



एमसीयू में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मौजूद विद्यार्थी। • सौजन्य: आयोजक

विशेष अतिथि एस. राजू ने खेल और परफार्मिंग आर्ट्स में करियर की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक समन्वयक विवेक सावरीकर ने बताया कि इस सत्र में विद्यार्थियों को 5.5 लाख रुपये तक का उच्चतम प्लेसमेंट पैकेज प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में प्रतिभा के विजेताओं को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने काव्यपाठ, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा। कार्यक्रम का समन्वय डा. उर्वशी परमार और विवेक सावरीकर ने किया, जबकि कुलसचिव डा. पी. शशिकला ने आभार व्यक्त किया। समारोह में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक और अधिकारी उपस्थित रहे।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'DANIK NAIDUNIYA'13 MAY.2026



कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते मंत्री सारंग।

# सफलता अपने लिए नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए होनी चाहिएः सारंग

भोपाल। देश में 1947 के बाद पुलों और कारखानों के निर्माण की बात तो बहुत हुई, लेकिन व्यक्ति निर्माण की बात कम हुई, जबकि व्यक्ति निर्माण के बिना राष्ट्र निर्माण संभव नहीं है। हमें ध्यान रखना चाहिए कि सफलता केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए होनी चाहिए। यह बात एमसीयू में प्रतिभा-2026 के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि खेल, युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कही। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए मंत्री सारंग ने विश्वविद्यालय परिसर में एक अत्याधुनिक ओपन जिम खुलवाने की घोषणा भी की। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं खेलकूद की गतिविधियां भी विद्यार्थियों के लिए आवश्यक हैं।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'HARIBHOOMI'13 MAY.2026

# पत्रकारिता विवि के विद्यार्थियों द्वारा तैयार पत्र की प्रति भेंट

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

'स्वदेश ज्योति' कार्यालय में मंगलवार को माखनलाल चतुर्वेदी विवि के कुलगुरु विजयमनोहर तिवारी ने कुलगुरु की संपादकीय टीम में शामिल विद्यार्थियों का समाचार पत्र 'प्रणाम ! उदन्त मार्त्तण्ड' की प्रति 'स्वदेश ज्योति' के प्रधान संपादक राजेन्द्र शर्मा को भेंट की। इस अवसर पर पत्र के संपादक अक्षत शर्मा तथा निदेशक चिन्मयी शर्मा भी उपस्थित थे। छात्रों द्वारा इस पत्र का लोकार्पण पिछले दिनों भारत भवन में उदन्त मार्त्तण्ड की 200 वीं वर्षगांठ के निमित्त आयोजित तीन दिवसीय समारोह 'प्रणाम ! उदन्त मार्त्तण्ड' में किया गया।



NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'SWADESH JYOTI'13 MAY.2026